निरीक्षण स्टंटबाजी, ओवर स्पीडिंग, मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न पर भी होगी कार्रवाई, एसपी ने दिए निर्देश

गोलबाजार और रूई बाजार से हटेगा अतिक्रमण

नवभारत, कटनी। शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए पुलिस और नगर निगम की टीम संयुक्त रूप से कार्रवाई करेगी। शहर की आवागमन व्यवस्था को बेहतर और जाम मुक्त बनाने के लिए सड़कों में की जा रही वाहनों की पार्किंग को व्यवस्थित करने के साथ ही चिन्हित किए गए पार्किंग स्थलों में पार्किंग कराने का प्रयास किया जाएगा। सड़क किनारे लग रही अस्थाई दुकानों को हटाया जाएगा। पार्किंग और अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ये रणनीति शहर में गुरूवार शाम से रात तक चले एसपी अभिनय विश्वकर्मा और नगर निगम आयुक्त आईएएस तपस्या परिहार के संयुक्त निरीक्षण के दौरान बनाई गई है। इतना ही नहीं ऐसे वाहन चालक जो शहर की यातायात व्यवस्था को बिगाड़ते हैं उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की हिदायत दी गई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि बिना अनुमति सामग्री लोडिंग और अनलोडिंग पर निगरानी रखकर कार्रवाई की जाए। स्कूल वाहन, ऑटो, ई-रिक्शा और अन्य सार्वजनिक परिवहन के रूट का निर्धारित कर उसका पालन कराया जाए। स्टंटबाजी, ओवरस्पीडिंग, मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न बजाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। अधिकारियों द्वारा सुभाष चौक से रेलवे स्टेशन मार्ग तक पैदल भ्रमण कर सड़क पर अव्यवस्थित खड़े दोपहिया-चारपहिया वाहनों, फुटपाथ पर फैले अतिक्रमण, लेफ्ट टर्न पर मौजूद बाधाओं और दुकानों की सीमा के बाहर रखी सामग्री की जांच की गई। अधिकारियों ने मौके पर ही अवैध पार्किंग, अस्थाई अतिक्रमण और सड़क किनारे रखी सामग्री हटवाया गया। निरीक्षण के दौरान मार्ग को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान व्यापारियों से निर्धारित सीमा में व्यापार करने, सड़क किनारे किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करने के लिए कहा गया। अधिकारियों की टीम ने गोल बाजार और रूई बाजार क्षेत्रों का भी पैदल निरीक्षण कर वहां की यातायात व्यवस्था जायजा लिया। इस दौरान इन क्षेत्रों से सभी प्रकार के अतिक्रमण हटाने और वाहनों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए व्यवस्थित यातायात प्रबंधन की रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही जल्द प्रभावी कार्रवाई कर व्यवस्था सुधारने के निर्देश अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान विश्वकर्मा पार्क, रामलीला मैदान और कटनी रेलवे स्टेशन शॉपिंग कंप्लेक्स परिसर का अवलोकन कर पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए।

विश्वकर्मा पार्क में चारपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए, रामलीला मैदान में दोपहिया और चारपहिया पार्किंग विकसित करने के लिए, रेलवे स्टेशन शॉपिंग कंप्लेक्स के सामने व्यवस्थित रूप से दोपहिया पार्किंग करने के लिए निर्देश दिए गए। वाहनों की पार्किंग व्यवस्था में कसावट लाने के लिए संयुक्त टीम को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने के लिए कहा गया। अवैध पार्किंग और अतिक्रमण सख्त कार्रवाई की जाएगी।

परेड में बताया अनुशासन और फिटनेस का महत्व

पुलिस लाइन में साप्ताहिक जनरल परेड का हुआ आयोजन

नवभारत, कटनी। पुलिस लाइन झिंझरी के परेड ग्राउंड में शुक्रवार को साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में किया गया। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत के नेतृत्व में परेड द्वारा पुलिस अधीक्षक को सलामी दी गई। इसके बाद एसपी ने परेड का निरीक्षण कर अधिकारियों और कर्मचारियों के टर्नआउट की बारीकी से समीक्षा की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को मौके पर प्रशंसा स्वरूप पुरस्कृत किया गया। परेड अभ्यास के दौरान प्रत्येक प्लाटून कमांडर द्वारा अपने-अपने प्लाटून को एकल रूप से ड्रिल अभ्यास कराया गया। परेड के समापन पर एसपी ने पुलिस बल को कमांड कर अनुशासन, एकरूपता और शारीरिक फिटनेस की महत्ता पर बल दिया। जनरल परेड का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को शारीरिक रूप से फिट, अनुशासित, और कर्तव्य के प्रति सदैव तत्पर बनाए रखना है। जनरल परेड के बाद पुलिस अधीक्षक ने एमटी परेड ली और सभी शासकीय वाहनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने वाहन की बाहरी-भीतरी सफाई, इंजन की स्थिति, संचार उपकरणों की कार्यप्रणाली, वाहन लॉगबुक, मेंटेनेंस रिकॉर्ड, पीए सिस्टम, सायरन, बलवा नियंत्रण सामग्री, आंसू गैस, प्राथमिक उपचार किट सहित सभी सुरक्षा उपकरणों की भौतिक उपलब्धता और क्रियाशीलता की समीक्षा की।

एक नजर में

12 पंच और एक सरपंच पद के लिए होंगे चुनाव

नवभारत,कटनी। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन 2025 के लिए जिले में रिक्त 12 पंच और 1 सरपंच पद के उप निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके लिए सोमवार 15 दिसंबर को सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख निर्धारित है। इसी प्रकार मंगलवार 16 दिसंबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी और 18 दिसंबर को अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख है और इसी दिन दोपहर 3 बजे के बाद अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो सोमवार 29 दिसंबर को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा। पंच पद के लिए मतगणना 29 दिसंबर को ही मतदान समाप्ति के तत्काल बाद की जाएगी, जबकि सरपंच पद की विकासखंड मुख्यालय विजयराघवगढ में मतों की गणना शुक्रवार 2 जनवरी 2026 को की जाएगी। जबकि पंच पद के निर्वाचन परिणाम की घोषणा सोमवार 5 जनवरी को और सरपंच पद के लिए निर्वाचन परिणाम की घोषणा शुक्रवार 2 जनवरी को की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक उप निर्वाचन 2025 के निर्वाचन की अधिसूचना के अनुसार जिले की जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत सैदा के वार्ड क्रमांक 10, जनपद पंचायत ढीमरखेडा के ग्राम पंचायत बिचुआ के वार्ड क्रमांक 10, जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत घंघरीकला के वार्ड क्रमांक 10, ग्राम पंचायत घंघरीखुर्द के वार्ड क्रमांक 5, जनपद पंचायत बडवारा के ग्राम पंचायत देवरी के वार्ड क्रमांक 12, ग्राम पंचायत लुहरवारा के वार्ड क्रमांक 1, ग्राम पंचायत निगहरा के वार्ड क्रमांक 11, जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत पटना के वार्ड क्रमांक 10, ग्राम पंचायत मसंधा के वार्ड क्रमांक 2, ग्राम पंचायत सिंदुरसी के वार्ड क्रमांक 2, ग्राम पंचायत बडखेरा भरदा के वार्ड क्रमांक 8 एवं ग्राम पंचायत तिहारी के वार्ड क्रमांक 7, जनपद पंचायत विजयराघवगढ के ग्राम पंचायत कुटेश्वर के सरपंच पद के उपनिर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

गारमेंट क्लस्टर की भूमि पर अवैध निर्माण को रोका

जानकारी मिलने के बाद राजस्व विभाग ने की कार्रवाई

नवभारत, कटनी। रेडीमेड गारमेंट कलस्टर के लिए आवंटित भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण किए जाने की सूचना पर रोकने की कार्रवाई की गई है। मामला टिकरिया कैलवाराखुर्द स्थित गारमेंट क्लस्टर की 2.9 हेक्टेयर भूमि से जुड़ा है, जहां एक स्थानीय निवासी द्वारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। मामले की जानकारी मिलने पर जिला व्यापार उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि क्लस्टर के लिए आवंटित भूमि के एक हिस्से में कैलवाराखुर्द निवासी कैलाश पटैल द्वारा भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा है। महाप्रबंधक ने तत्काल इस मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी। इस जिसके बाद शुक्रवार को कार्रवाई करने के लिए राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। एसडीएम और और तहसीलदार कटनी ग्रामीण के निर्देश पर पटवारी किरण सेन को स्थल पर भेजा गया। जिन्होंने निर्माण कार्य को तत्काल बंद कराया। मौके पर उपस्थित कैलाश पटैल को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वह तत्काल निर्माण कार्य बंद करें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि जब तक वह अपनी निजी जमीन का विधिवत सीमांकन नहीं करा लेते, तब तक वह कोई भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कर सकते।

सचिव से मारपीट, कर्मचारियों में आक्रोश, सख्त कार्रवाई की मांग

रीठी के बरयारपुर सचिव के साथ की गई मारपीट

नवभारत, रीठी। जिले की रीठी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बरयारपुर के सचिव सोमनाथ पटेल के साथ पंचायत भवन में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने से कर्मचारियों में भय के साथ ही आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार सचिव सोमनाथ पटेल व सहायक सचिव मीना चक्रवर्ती 3 दिसंबर को पंचायत कार्यालय में कार्य कर रहे थे। इसी दौरान लगभग साढ़े 11 बजे 3-4 युवक ट्रांसफार्मर पर ई-रिक्शा लगाकर डायरेक्ट बिजली कनेक्शन से चार्ज करने लगे। मना करने पर आरोपी तबीब खान ने गाली-गलौज करते हुए सचिव को धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद अरफराज और रिजवान भी वहां पहुंच गए और तीनों ने मिलकर सचिव के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पर जाते-जाते आरोपियों ने सचिव को जान से मारने की धमकी दी। घटना में सचिव सोमनाथ के सिर, माथे, पैर सहित गले में गंभीर चोटें आई हैं सचिव द्वारा बिलहरी चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचने पर आरोपियों और तबीब खान के पिता शेख मुरतजा द्वारा दोबारा धमकाते हुए कहा गया कि हम इतनी मारपीट में जेल नहीं जाएंगे, गोली मारकर जेल जाएंगे। साथ ही सचिव के विरुद्ध लगातार झूठी शिकायतें, महिलाओं से छेड़छाड़ का आरोप, और शासकीय भूमि कब्जे की फर्जी शिकायत कराने की धमकी भी दी गई। तबीब खान ने सचिव को वाहन चढ़वाने और गोली की धमकी दी गई है। आरोपियों द्वारा कैमोर गोलीकांड का हवाला देकर भी डराने का प्रयास किया। जनपद पंचायत रीठी के सचिवों ने सीईओ को ज्ञापन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है। तबीब खान ओर उसके साथियों सहित उसके पिता शेख मुरतजा पर भी प्रकरण दर्ज करने, उनके शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने, अवैध हथियार जब्त करने की मांग की है। साथ ही सुरक्षा कारणों से सचिव सोमनाथ का अन्य पंचायत में पदस्थापना करने की मांग की गई है।

सचिवों ने चेतावनी दी है कि 7 दिनों में आरोपियों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो जनपद रीठी के सभी सचिव और सहायक सचिव कलमबंद हड़ताल करेंगे। सचिव सोमनाथ पटेल ने कुठला थाना में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कॉलेज परिसर, कक्षाओं और खेल मैदान की कराएं नियमित सफाई

आईटीआई में सुविधाओं की मांग, एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत, कटनी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में शासकीय आईटीआई एनकेजे के छात्रों ने शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में आवश्यक सुविधाओं की मांग को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में छात्रों ने कॉलेज के विभिन्न विभागों में लंबे समय से लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में छदात्रों के लिए नया वॉटर कूलर स्थापित करने, महाविद्यालय परिसर में प्रतिदिन नियमित साफ-सफाई कराने, खेल मैदान की साफ-सफाई और नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने, कक्षाओं, वर्कशॉप में पुराने और खराब स्विच बोर्ड बदलने, प्रसाधन की नियमित साफ-सफाई कराने, वर्कशॉप में पुराने उपकरणों के स्थान पर आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई। इस दौरान एबीवीपी जिला संयोजक ऋषभ त्रिपाठी ने कहा की एबीवीपी हमेशा छात्रों की आवाज़ बनकर कार्य करती है। आईटीआई परिसर में बुनियादी सुविधाओं की कमी छात्रों के अध्ययन और प्रशिक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। जिला संयोजक ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि प्रशासन इन मांगों पर जल्द कार्रवाई करेगा। नगर मंत्री संजय कुशवाहा ने कहा महाविद्यालय में स्वच्छता, पेयजल, उपकरण और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का सुधरना समय की आवश्यकता है। छात्रों ने प्राचार्य से मांग की है कि सभी समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई की जाएगी। ताकि कॉलेज में अध्ययन के लिए आने वाले छात्रों को बेहतर वातावरण मिल सके।

गोदाम के सत्यापन में मिली 3 हजार 458 बोरी धान

संयुक्त टीम ने की कार्रवाई, मंडी प्रावधानों के तहत जांच शुरू

नवभारत, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर रीठी के ग्राम खिरवा हरद्वारा स्थित कान्हा राइस मिल के गोदाम के सत्यापन के दौरान अधिकारियों की जांच टीम को 3 हजार 458 बोरियों में भरा 1383.20 क्विंटल धान मिलीं। इसके लिए मंडी अधिनियम के प्रावधान के अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी और कान्हा राइस मिल के मालिक से धान भंडारण के वैध दस्तावेज और अभिलेख मांगे जाएंगे। गौरतलब है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के काफी पहले से ही कलेक्टर के निर्देश पर जिले में धान के अवैध परिवहन और भंडारण पर कड़ी नजर रखी जा रही है, खाद्य, राजस्व और कृषि उपज मंडी के अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा यह जांच कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। जांच दल में शामिल खगेश मलावी, प्रियंका सोनी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, क़ृषि उपज मंडी, प्रशांत मौर्य, सहायक उप निरीक्षक मंडी मनीष त्रिपाठी, हल्का पटवारी कार्तिकेय वर्मा सहित अन्य की उपस्थिति रही।

बाल विवाह रोकने गांव-गांव जाएगा जागरूकता रथ

कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जागरूकता रथ

नवभारत, कटनी। बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण के लिए 100 दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत जिले में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कलेक्टर ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के गांव-गांव पहुंचेगा और लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी देगा। इस पहल का उद्देश्य है कि बाल विवाह पर पूरी तरह रोक लगे और सभी बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और सुरक्षित वातावरण प्राप्त हो। इस अवसर पर वनश्री कुर्वेती सहायक संचालक, महिला बाल विकास विभाग, डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्हारे, सतीश पटेल, परियोजना अधिकारी, बहोरीबंद सहित अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों की उपस्थित रही।

छात्रों की कॉपियां जांचने के बाद उनकी गलतियां बताएं, सुधार भी कराएं

डाइट की टीम ने किया शैक्षणिक उन्नयन निरीक्षण

नवभारत, कटनी। डाइट की टीम द्वारा शैक्षिक उन्नयन के लिए स्कूलों की परिणाम मूलक मॉनिटरिंग लगातार की जा रही है। शुक्रवार को शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला जुहला में अकादमिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान, प्राचार्य श्रीमती एमपी डुंगडुंग द्वारा कक्षा 6 के बच्चों के समक्ष ग्लोब की अवधारणा का प्रदर्शन किया गया। मूल्यांकन प्रभारी डाइट फैकेल्टी राजेंद्र असाटी द्वारा छात्रों की अभ्यास पुस्तिकाओं, एड ग्रेड पुस्तिकाओं को देखा गया। साथ ही संबंधित शिक्षक और शिक्षिकाओं को कॉपियों की जांच करते हुए समय हुए छात्रों को उनकी त्रुटि की जानकारी देने और सुधार करने के निर्देश दिए गए। कक्षा 5 का अकादमिक स्तर संतोषजनक पाया गया। फैकल्टी उमाशंकर सैनी ने कक्षा 3 में 6 छात्रों का अंग्रेजी विषय में स्पेलिंग टेस्ट किया। जिसमें सुधार की गुंजाईश पाई गई। डाइट फैकल्टी ज्योति श्रीवास्तव ने कक्षा चार में बच्चों से गणित और हिंदी विषय पर चर्चा की। गणित विषय में बच्चों से चर्चा की गई। हिंदी विषय को भी बच्चे पढ़ और समझ पा रहे थे, हिंदी विषय का स्तर ठीक पाया गया।

कक्षा आठ में बच्चों से गणित में वर्ग और वर्गमूल पर चर्चा की गई। डाइट फैकल्टी राकेश सिन्नरकर ने प्राथमिक स्तर पर पढ़े गए वर्ग और आठवीं में पढ़ाए जा रहे वर्ग में आपसी संबंध को समझाया गया। वर्ग और वर्गमूल पर चर्चा करते हुए उसे ज्ञात करने की विधि स्पष्ट की गई।

आत्मनिर्भर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी और पथ व्यवसायियों को आत्मनिर्भर बनाने दिया जा रहा है ऋण

स्वनिधि योजना से स्वीकृत हुआ ऋण, व्यापार को आर्थिक मजबूत कर सकेंगे पथ व्यवसायी

नवभारत, कटनी। शासन के माध्यम से संचालित महात्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत नगर के रेहड़ी-पटरी और पथ व्यवसायियों को आर्थिक मजबूती देने के उद्देश्य से पात्र 8 हितग्राहियों को दो लाख 25 हजार रूपए का ऋण स्टेट बैंक आफ इंडिया मेन ब्रांच से स्वीकृत किया गया। स्वीकृत ऋण की राशि सीधे पात्रहितग्राही के बैंक खातों में जमा की गई। योजना का लाभ प्राप्त होने से पथ विक्रेता अब बिना देरी अपने व्यवसाय को और भी अधिक मजबूती के साथ प्रारंभ कर सकेंगे। योजना प्रभारी यश रजक ने बताया कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के ऋण प्रकरण स्टेंट बैंक आफ इंडिया मेन ब्रांच की ओर ऋण स्वीकृति के लिए प्रेषित किए गए थे। प्रकरणों की आवश्यक जांच के बाद 7 हितग्राहियों को 25-25 हजार रूपए और एक हितग्राही को 50 हजार रूपए का ऋण स्वीकृत किया गया है। स्वीकृत ऋण राशि का उपयोग हितग्राही सामग्री क्रय, व्यापार उपकरणों की उपलब्धता बढ़ाने और दैनिक संचालन को सुचारू बनाने में कर सकेंगे। इससे न सिफ उनकी आय में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय बाजार में सेवाओं की उपलब्धता भी बेहतर होगी। उन्होने बताया कि नगर निगम द्वारा अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को स्वनिधी योजना की जानकारी देकर आवेदन मांगे जा रहे हैं। वहीं पात्र लाभार्थियों की सूची का परीक्षण कर हितग्राहियों के प्रकरण स्वीकृति के लिए बैंक में स्वीकृति के लिए भेजे जा रहे हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य पथ विक्रेताओं को वित्तीय सहायता उपलब्ध कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत शेष पात्र पथ - विक्रेताओं से कहा है कि इस योजना के तहत इच्छुक पात्र हितग्राही 15 हजार रुपए के ऋण ले सकते हैं। इसके अलावा प्रथम चरण के तहत ऋण राशि वापस कर हितग्राही आगामी 25 हजार रुपए ओर 50 हजार रुपए तक के ऋण ले सकते हैं। योजना की जानकारी के लिए नगर निगम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 63 से संपर्क किया जा सकता है।

जिले के किसानों से कोदो-कुटकी की खरीदी शुरू

नवभारत, कटनी। रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजनांतर्गत समर्थन मूल्य पर कोदो-कुटकी खरीदी के लिए जिले के बड़वारा विकासखंड के ग्राम मझगवां में उपार्जन केन्द्र बनाया गया है। इस केन्द्र में कोदो-कुटकी की खरीदी शुरू हो गई है। खरीदी 15 जनवरी तक चलेगी। इस उपार्जन केन्द्र का संचालन संगम वीडी कृषक उत्पादक संगठन द्वारा किया जा रह है। शुक्रवार को ग्राम उरदानी के किसान बसंता साहू ने 3 क्विंटल कोदो की बिक्री किया। इस दौरान किसान कल्याण कृषि विकास के उपसंचालक डॉ आरएन पटेल, पर्यावरणविद् निर्भय सिंह और कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने भी पहुंचकर उपार्जन केन्द्र का जायजा लिया। श्रीअन्न उत्पादक जिले के किसानों से कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा कोदो-कुटकी का उपार्जन किया किया जा रहा है। उत्पादित श्रीअन्न कुटकी 35 सौ और कोदो 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल में खरीदी जा रही है।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024